दिन– गुरूवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 25 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 05 मिनट

---

आज संविधान हत्या दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस पच्चीस जून उन्नीस सौ पचहत्तर को लगाए गए आपातकाल की याद दिलाता है, जब देश में संवैधानिक अधिकार और लोकतांत्रिक मूल्य गंभीर रूप से प्रभावित हुए थे। इस अवसर पर देश और प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आपातकाल संविधान पर सीधा हमला है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने वाले सेनानियों को श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि संविधान हत्या दिवस हमें लोकतंत्र, संविधान और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए प्रेरित करता है। इधर, भारतीय जनता पार्टी की ओर से पटना के ज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और केन्द्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा शामिल हुए। इस दौरान चार सौ पचास जे.पी. सेनानियों को सम्मानित किया किया गया। इधर, भाजपा डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस और जयंती के अवसर पर छह जुलाई तक प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी।

———————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने संविधान हत्या दिवस पर आपातकाल का विरोध करने वाले लोकतंत्र सेनानियों को नमन किया है। सोशल मीडिया पर अपने संदेश में उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में आपातकाल एक काला अध्याय था, जब सत्ता के अहंकार में लोकतांत्रिक संस्थाओं, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और नागरिक अधिकारों को गंभीर चुनौती का सामना करना पड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा, संविधान के सम्मान और जनस्वर की शक्ति को सदैव सर्वोपरि रखना ही लोकतंत्र सेनानियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। वहीं, आपातकाल विरोधी आंदोलन के अग्रणी नेताओं में शामिल रहे सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने कहा कि पटना स्थित उनका आवास उन्नीस सौ पचहत्तर में आंदोलन का प्रमुख केंद्र बना हुआ था, जहां लोकतंत्र की बहाली को लेकर रणनीतियां बनाई जाती थीं। आकाशवाणी से बातचीत में

श्री प्रसाद ने कहा कि आपातकाल लोकतंत्र और नागरिकों के अधिकारों पर बड़ा प्रहार था।

———————————————————————

जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा है कि पच्चीस जून भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला दिन है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा लगाए गए आपातकाल के दौरान विपक्षी नेताओं को जेल में बंद कर दिया गया था और मीडिया की स्वतंत्रता पर भी पाबंदी लगा दी गई थी। श्री झा पटना ने एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी उस आंदोलन के दौरान जेल में रहे थे।

———————————————————————

भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिलौटी गांव में पिछले दिनों हुए कथित मुठभेड़ में भरत तिवारी नामक युवक की मौत के मामले की न्यायिक जांच शुरू कर दी गयी है। पटना उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश विनोद कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गठित आयोग ने आज सुबह घटना स्थल का दौरा किया। श्री सिन्हा ने पीड़ित परिजनों और ग्रामीणों से बात की। इस दौरान शाहाबाद के डीआईजी सत्यप्रकाश, जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया, पुलिस अधीक्षक राज सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

———————————————————————

राजधानी पटना समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में प्रचंड गर्मी से जनजीवन प्रभावित है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार कई स्थानों का तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान कैमूर का भभुआ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। यहां का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, पटना का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भभुआ, पटना, नालंदा और गया समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में लू की स्थिति बनी रहेगी। वहीं, विभाग ने राज्य के उत्तरी भागों में अधिकांश स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है।

———————————————————————

अररिया जिले के फुल्काहा थाना क्षेत्र अंतर्गत भारत–नेपाल सीमा के पास पुलिस ने जांच अभियान के दौरान सैंतालीस लीटर विदेशी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

बेगूसराय जिले के चकिया थाना क्षेत्र अंतर्गत पिछले दिनों हुए दुष्कर्म घटना मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में अबतक पांच लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

———————————————————————

अरवल ज़िले में मोहर्रम के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए वरीय पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में विभिन्न थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।